तापमान
अधिकतम 14 .5 डिग्री
न्यूनतम 38 .1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 अप्रैल 2025

12 हरियाणा फिल्म महोत्सव प्रतिभाओं ...



13 सनातन ज्ञान बौद्धिक विकास तक सीमित नहीं ...




## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर।
- वैश्य कॉलेज में एनएसएस शिविर।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा फिल्म महोत्सव में आज भाग लेंगे सीएम



**रोहतक।** उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 अप्रैल को एक दिवसीय दौरे पर रोहतक आएंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा व जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया ने शुक्रवार को तैयारी का जायजा लिया और मौके पर ही आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। दोनों अधिकारी पहले महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे और तैयारी का जायजा लिया। इसके उपरांत उन्होंने भाजपा के कार्यालय मंगल कमल पहुंच कर तैयारी की जानकारी ली। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 5 अप्रैल को दोपहर 12 बजे पार्टी कार्यालय मंगल कमल पहुंचेंगे और मदवि के टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित हरियाणा फिल्म महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। वहीं, जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत मुख्यमंत्री दौरा कार्यक्रम से जुड़े स्थलों पर 5 मार्च को मानवरहित एरियल व्हीकल जैसे ड्रोन, ग्लाइडर, रिमोट नियंत्रित एयरक्राफ्ट्स, फ्लाइंग कैमरा, हेलीकॉम आदि के प्रयोग पर पूर्णतय पाबंदी लगाई गई है।

### जिला स्तरीय आर्चरी प्रतियोगिता 6 को

**रोहतक।** हरियाणा आर्चरी एसोसिएशन के निर्देशन में जिला भिवानी आर्चरी एसोसिएशन द्वारा 10 से 12 अप्रैल को गांव सांगा, जिला भिवानी में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इसके लिए जिला रोहतक के लड़कों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 6 अप्रैल को नवयुग स्कूल में होगी। इसकी जानकारी हरियाणा राज्य तीरंदाजी संघ के महासचिव रामनिवास हुड्डा ने दी। उन्होंने बताया जिला रोहतक के तीरंदाजी खिलाड़ियों को सुबह 8 बजे लाढ़ौत रोड स्थित नवयुग स्कूल में समय से पहुंचना होगा।

### महिला को नशीले पदार्थ सहित किया गिरफ्तार



**रोहतक।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने महिला को नशीले पदार्थों सहित काबू किया गया है। महिला आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी मनोज ने बताया कि कलानौर के पास से महिला को शक के आधार पर काबू किया गया। महिला की पहचान राधा पत्नी साहसी मौहल्ला कलानौर के रुप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर महिला के पास से 11 ग्राम 640 मिलीग्राम हैरोईन बरामद हुई है। महिला के खिलाफ कलानौर में केस दर्ज करकाबू किया गया है।

### मासिक वैदिक सत्संग 6 को

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा का मासिक सत्संग 6 अप्रैल को सुबह नौ बजे से लेकर साढ़े बारह बजे तक पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानन्द मठ में होगा होगा। इसके मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान आचार्य वेदमित्र (भऊ आर्यपुर) होंगे तथा भजनोपदेशक के रूप में सत्यनारायण आर्य, विनोद आर्य आदि भजनोपदेशक अपने भजन प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम का संचालन वेद प्रचार मंडल प्रधान करेंगे। प्रातः 9 बजे यज्ञ होगा।

### बिजली वितरण निगम की लाइन लॉस कम करने की कवायद

# बिजली निगम की टीम ने दो महीने में पकड़ी 250 चोरी, 27, 54,000 लगाया जुर्माना

- फरवरी में 90 तथा मार्च माह में 160 बिजली चोर पकड़े गए
- जुर्माना अदा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए, कई लोगों पर एफआईआर भी दर्ज कराई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा बिजली वितरण निगम ने बिजली चोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए पिछले दो महीने में करीब 250 बिजली चोरों को पकड़ा है। जिन पर करीब 27 लाख 54 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। फरवरी महीने में 90 तथा मार्च माह में 160 बिजली चोर पकड़े गए। बिजली निगम ने जुर्माना अदा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए हैं। ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। बिजली वितरण निगम ने लाइन लोस कम करने के लिए बिजली चोरों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू किया है। जिसमें निगम की विशेष टीम रोजाना छापेमारी कर रही है। अलग-अलग समय पर बिजली मीटर चेक किए जाते हैं। अधिक लाइन लोस वाले एरिया में सबसे अधिक छापेमारी की जा रही है। बिजली निगम ने उपमंडल स्तर पर अलग-अलग जूनियर इंजीनियर के नेतृत्व में टीम गठित की हैं। यह टीम देर रात या सुबह सूर्योदय के समय छापेमारी कर रही हैं। कई जगह दोपहर के समय भी चोरी पकड़ी गई है। बिजली निगम की टीम के साथ पुलिस बल भी तैनात रहता है।

**खपत बढ़ने के बाद मेंटेनेंस में लगे बिजली कर्मी**



### अब तक 80 उपभोक्ताओं ने जुर्माना भरा

फरवरी महीने में बिजली निगम की टीमों ने 353 मकानों को चेक किया। जिसमें 90 घरों में बिजली चोरी पाई गई। जिसमें 50 घेरलू, कॉमर्शियल बिजली चोरी मिली। तीन ट्यूबवेल पर बिजली चोरी का केस बनाया गया। इन उपभोक्ताओं पर बिजली निगम ने 12 लाख 54 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। मार्च महीने में बिजली निगम की टीमों ने 200 घरों में चेकिंग की। जिसमें 110 घरों में बिजली चोरी के केस मिले। इन उपभोक्ताओं पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जिसमें अब तक 80 उपभोक्ता जुर्माना अदा कर चुके हैं। बिजली निगम ने जुर्माना न देने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है।



### बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान जारी



बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हम लाइन लोस को कम करने के लिए यह अभियान जारी रखेंगे। पहली बार बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर जुर्माना देकर छूट सकता है। अगर कोई उपभोक्ता दूसरी बार बिजली चोरी करता मिला तो उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होते हैं। **-मनिंद्र सिंह,** एसई रोहतक

### दुर्गा अष्टमी पर विद्यालयों के समय में किया बदलाव

# आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 बजे खुलेंगे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा 5 अप्रैल शनिवार को दुर्गा अष्टमी के उपलक्ष में विद्यालय समय में बदलाव करने के निर्देश जारी किए हैं। विद्यालय का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2:30 तक रहेगा। दोहरी शिफ्ट वाले विद्यालयों में पहली शिफ्ट का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा तथा दूसरी शिफ्ट का समय अन्य दिनों की भांति समान रहेगा, उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है।

- दूसरी शिफ्ट के स्कूलों के समय में नहीं किया बदलाव



### प्रो. जाखड़ ने विद्यार्थियों को संवैधानिक अधिकारों की जानकारी साझा की

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग में शुक्रवार को विशेष विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चौ. देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के विधि विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. जगबीर सिंह जाखड़ ने बतौर मुख्य वक्ता-संवैधानिक अधिकार विषय पर व्याख्यान दिया। प्रो. जाखड़ ने विद्यार्थियों के साथ संवैधानिक अधिकारों बारे विस्तृत जानकारी साझा की और इन अधिकारों की सामाजिक एवं कानूनी प्रासंगिकता पर गहन चर्चा की। उन्होंने संविधान में निहित मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया और उनके प्रश्नों के उत्तर दिए।विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो. जितेन्द्र ढुल ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया तथा अतिथि वक्ता का परिचय दिया। डॉ. परविन्दर ने कार्यक्रम का संयोजन किया तथा अंत में आभार जताया। डॉ. ऋषभ यादव तथा डॉ.राहुल ने कार्यक्रम आयोजन में सहयोग दिया। इस अवसर पर विधि विभाग के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### कन्हेली रोड से कूड़ा हटवाया





**रोहतक।** वार्ड नंबर 21 में कन्हेली रोड पर पिछले काफी दिनों से रोड पर कूड़े के ढेर लगे हुए थे। जिसकी वजह से लोग काफी परेशान हो रहे थे। इसकी शिकायत कॉलोनी निवासियों ने निगम पार्षद बीजेंद्र से शिकायत की। उन्होंने तुरंत प्रभाव से नगर निगम में अधिकारियों से कहा और आज नगर निगम के अधिकारियों ने मिलकर कन्हेली रोड पर सफाई अभियान चलाया। उसमें वार्ड के पार्षद बीजेंद्र, नगर निगम के इंस्पेक्टर सुशील रंगा, दरोगा शेरा, दरोगा अमित व सफाई कर्मचारी और कॉलोनी निवासी पवन कुमार, समाजसेवी जसबीर कुमार अन्य लोग मौजूद रहे।

# विशेष उड़नदस्ते ने मार्किंग सेंटरों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा शुरू की गई मार्किंग के लिए गठित अध्यक्ष विशेष उड़न दस्ते ने रोहतक स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाऊन, सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैनी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व महम स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बने मार्किंग सेंटर का निरीक्षण किया। टीम कन्वीनर विकास वशिष्ठ व सदस्य अशोक कुमार शर्मा व अजय मलिक द्वारा निरीक्षण किया गया। टीम सदस्य अशोक शर्मा ने बताया कि बोर्ड चेयरमैन प्रोफेसर डा. पवन कुमार के निर्देशन में फ्लाइंग स्क्वायड द्वारा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मार्किंग सेंटर का दौरा कर अंकन कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि केंद्र पर अंकन कार्य बेहतर व समुचित ढंग से चल रहा है।

### निरीक्षण की कार्रवाई जारी रहेगी


विकास वशिष्ठ व अशोक शर्मा ने बताया कि अंकन कार्य का निरंतर निरीक्षण किया जाएगा। इसके अलावा अंकन केंद्र पर मार्किंग कार्य में लगे स्टाफ की सुविधाओं बारे भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, जिससे स्टाफ को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### टीचर जगदीप हत्यकांड मामले में जांच ने पकड़ी रफ्तार

# पुलिस ने मुख्य आरोपी राजकरण को चरखी दादरी ले जाकर किया सीन रीक्रिएट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

टीचर जगदीप हत्यकांड मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी राजकरण को चरखी दादरी ले जाकर सीन रीक्रिएट किया। रिमांड के दौरान पूछताछ में राजकरण ने बताया कि उसने क्यों जगदीप को मौत के घाट उतारा और कैसे वारदात को अंजाम दिया। बता दें कि झज्जर के गांव मांडोठी निवासी जगदीप रोहतक की जनता कॉलोनी में एक मकान में किराये पर रहता था। मकान मालकिन की बेटी की शादी चरखी दादरी के गांव पैंतावास में हो रखी थी, जो अक्सर अपने मायके में आती रहती थी। इसी दौरान जगदीप और युवती के बीच दोस्ती हो गई। युवती के पति राजकरण को जब इस बात का पता चला तो उसने जगदीप को कई बार समझाने का प्रयास भी किया। लेकिन जगदीप नहीं माना। इसके बाद राजकरण ने अपने साथियों के साथ मिलकर जगदीप का 24 दिसंबर को देर रात अपहरण किया और उसे पैंतावास ले जाकर 7 फुट गहरे गड्ढे में दफन कर मौत के घाट उतार दिया।



### ये है मामला

पुलिस ने गांव पैंतावास (दादरी) से रोहतक निवासी जगदीप के शव को बरामद किया था। आरोपियों ने उसे जमीन के अंदर-7 फीट से भी ज्यादा गहरे गड्ढे में जिंदा ही दफनाया दिया था। मुख्य आरोपी ने बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के शिक्षक जगदीप (45) के मोबाइल में अपनी पत्नी की फोटो देखी थी और इसी बात से आक्रोश में आकर उसने इस पूरे हत्याकांड का अंजाम दिया था।

### रिमांड के दौरान खुलासा

मुख्य आरोपी राजकरण ने रिमांड के दौरान बताया कि उसे पता था कि सास घर पर नहीं है और जगदीप घर पर अकेला है। वह अपने साथियों के साथ देर रात घर गया और जगदीप से ही दरवाजा खुलवाया। जब जगदीप ने दरवाजा खोला तो उन्होंने जगदीप के ऊपर लाठी से हमला कर दिया। मारपीट कर जगदीप को अधमरा कर दिया, जिसके बाद उसका अपहरण कर गाड़ी में डाल लिया। इसके बाद जगदीप को अगले दिन 25 दिसंबर को एक ट्रेन में बैठा और जगदीप का फोन उसने फेंक दिया। अब वह फोन कहा है, इसका पता नहीं चल सका है। वहीं, वारदात में प्रयोग किए गए लाठी डंडे पुलिस ने बरामद कर लिए है। साथ ही जिस गाड़ी में अपहरण किया था, वह गाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

### कोर्ट में किया गया पेश

एसआई ओमपाल ने बताया कि मुख्य आरोपी राजकरण का 5 दिन का रिमांड लिया गया था, जो आज समाप्त हो गया। मामले में एक आरोपी अमित अभी भी फरार है, जिसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जल्द ही चौथे आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।

**कार्रवाई** विश्वविद्यालय की तरफ से मुझे अभी तक कोई भी अधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है: प्रो. कुलताज सिंह

**मेरे पास भी कानूनी विकल्प हैं बोले-प्रो. सिंह**

# हाईकोर्ट की फटकार लगते ही एमडीयू ने प्रोफेसर किया डिमोट, कई साल से लटकाया हुआ था मामला

- मेरी पीएचडी डिग्री की जांच यूनिवर्सिटी एक बार नहीं, 10 बार कर चुकी है

अमरजीत एस गिल ⏭ रोहतक




अवमानना के मामले की सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बीती 3 अप्रैल को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय को कड़ी फटकार लगाई। इसका असर 4 अप्रैल को यूनिवर्सिटी में दिखाई दिया। यूनिवर्सिटी ने आनन-फानन में ईसी (एक्जूक्टिव काउंसिल) की मीटिंग बुलाई और शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. कुलताज सिंह को डिमोट कर दिया। झटपट ईसी की बैठक करने की वजह ये थी कि मामले की सुनवाई 5 अप्रैल शनिवार को फिर से भी होनी है। यूनिवर्सिटी अब कोर्ट को जवाब दे देगी कि उनके आदेशों की पालना कर दी गई है। आपको याद दिला दें कि प्रो. कुलताज वर्ष 1991 में लेक्चरर भर्ती हुए थे। अब कुछ समय बाद ही प्रो. कुलताज सिंह सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इन पर आरोप थे कि इनकी पीएचडी की डिग्री फर्जी है। प्रो. सिंह ने मेघालय की एक यूनिवर्सिटी से पीएचडी की डिग्री हासिल की थी। यूनिवर्सिटी को मेघालय सरकार ने फर्जी घोषित कर दिया था। भरोसेमंद सूत्र बताते हैं कि बीते वीरवार को कोर्ट की फटकार खाने के बाद एमडीयू प्रशासन ने ईसी का एजेंडा तैयार किया। जिसमें एक मात्र प्रोफेसर कुलताज सिंह पर कार्रवाई करने की जानकारी ईसी सदस्यों को दी गई थी। दोपहर बाद तीन बजे मीटिंग शुरू हुई और प्रोफेसर कुलताज को डिमोट करके एसोसिएट प्रोफेसर बना दिया। ध्यान रहे कि किसी भी विश्वविद्यालय की सर्वोच्च संस्था ईसी होती है। ईसी में ही हर प्रकार के फैसले लिए जाते हैं। इसकी स्वीकृति बिना विश्वविद्यालय के किसी भी कर्मचारी पर यूनिवर्सिटी कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है। इसलिए शुक्रवार को मीटिंग बुलाई और प्रो. कुलताज सिंह को डिमोट कर दिया। ध्यान रहे कि महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का शारीरिक शिक्षा विभाग हमेशा से ही शिक्षक साहबानों की वजह से विवादों में रहा है। इसमें तीन शिक्षक थे। इनके बीच आपस में इतनी खींचातान रहती थी कि एक दूसरे को लेकर कोई छात्रों को उकसा देता तो कोई न्यायालय में सहयोगी के चक्कर कटवा देता। एक शिक्षक पिछले दिनों सेवानिवृत्त हो गए। हालांकि वे अभी भी इस उम्मीद में राजनीतिक सिफारिश करवा रहे हैं कि शायद यूनिवर्सिटी उन्हें भी कोई कंसलटेंट वगैरह लगा दे। लेकिन वर्तमान विश्वविद्यालय प्रशासन की नजर में एक बार जो व्यक्ति मन से उतर जाता है तो उसको सेवानिवृत्त बाद किसी भी पद पर नियुक्ति मिलती नहीं है। रिटायर हुए प्रोफेसर के अलावा एक को आज शुक्रवार को प्रोफेसर से डिमोट कर दिया। विवादित तीन शिक्षकों में अब बचें हैं सिर्फ एक। इनके अलावा तीन साल पहले एमडीयू के गुरुग्राम कैंपस से एक शिक्षक विभाग में तबादला हो कर आए हैं।

### हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी

पीएचडी डिग्री को लेकर शारीरिक शिक्षा विभाग के ही एक शिक्षक ने कुछ साल पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए एमडीयू को कुछ आदेश दिए थे। लेकिन यूनिवर्सिटी ने इनकी पालना नहीं की। याचिकाकर्ता ने फिर से हाईकोर्ट का दरवाजा ये कहते हुए खटखटाया कि एमडीयू ने उनके आदेशों की पालना नहीं की। अवमानना की केस सुनवाई 3 वीरवार को हुई थी।

### विश्वविद्यालय ने निर्णय की जानकारी नहीं दी

ईसी उनके खिलाफ क्या निर्णय लिया है, उसकी अधिकारिक जानकारी विश्वविद्यालय ने उन्हें नहीं दी। जब यूनिवर्सिटी उन्हें अवगत करवाएगी में तो अपने अधिवक्ता से सलाह करके अगली कानूनी कार्रवाई करूंगा। मेरी पीएचडी की डिग्री सही है। विश्वविद्यालय ने एक बार नहीं, लगभग हर साल में मेरी डिग्री की मेघालय जाकर जांच की है। पिछले दिनों भी यूनिवर्सिटी की एक कमेटी ने इंक्वायरी की थी। -प्रो.कुलताज, शारीरिक शिक्षा विभाग महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक

### भारतीय शिक्षण मंडल स्थापना दिवस समारोह 6 को एमडीयू में

**रोहतक।** भारतीय शिक्षण मंडल के 56वें स्थापना दिवस समारोह को 6 अप्रैल रामनवमी रविवार के दिन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में मनाया जाएगा। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश चंद्र शर्मा और मुख्य वक्ता बीआर शंकारानंद, अखिल भारतीय संगठन महामंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल रहेंगे। कार्यक्रम के लिए रोहतक और हरियाणा प्रांत के सभी जिलों से उच्च शिक्षा और विद्यालय शिक्षा से जुड़े हुए प्रख्यात महानुभावों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति राजबीर सिंह करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी के लिए शुक्रवार को भारतीय शिक्षा मंडल हरियाणा प्रांत अध्यक्ष जितेंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में प्रांत कार्यालय में आवश्यक बैठक हुई। डॉ. सुरेंद्र दलाल, विश्वविद्यालय इकाई सह प्रमुख डॉ. शमशेर तोगड़िया, शैक्षिक सहप्रमुख डॉ. विपिन गुप्ता एवं प्रांत प्रकाशन प्रमुख डॉ. बलबीर शास्त्री व विस्तारक प्रेम शंकर मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**




## पोक्सो एक्ट के तहत हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में नालसा पोर्टल, पोश एक्ट, पोक्सो एक्ट के तहत विशेष कानूनी जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैनल के एडवोकेट सतनाम सिंह लूथरा ने स्थानीय वन स्टॉप सेंटर में एक कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में उपरोक्त विषय पर उपस्थित लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर एडवोकेट संदीप कुमार, प्रवीण फौगाट, सीमा, ज्योति सिवाच, अनीता कुंडू, स्नेह व अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## सर्वसम्मति से महेश कपूर बने प्रधान

**रोहतक।** लाला लाजपत राय फर्नीचर मार्केट एसोसिएशन का चुनाव वीरवार को हुआ। इस दौरान सर्वसम्मति से महेश कपूर को प्रधान नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित प्रधान महेश कपूर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसे वे निष्ठा से निभायेंगे। मार्केट की समस्याओं का समाधान करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। कपूर ने कहा कि जल्द ही कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। इस अवसर पर अशोक कुमार, नमित अनेजा, किशन लाल, दिनेश आनंद, सुरेंद्र चुग, राजकुमार शर्मा, ज्योति शर्मा, देवेंद्र गर्ग, संजय गर्ग, मोहन लाल आदि मौजूद रहे।

### महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 का शुभारंभ

# हरियाणा फिल्म महोत्सव प्रतिभाओं को देगा नई पहचान

खेल मंत्री गौरव गौतम ने युवाओं को नशे से बचने के लिए खेल व कला से जुड़ने का आह्वान किया। फिल्म महोत्सव के लिए भी 5 लाख रुपए देने की घोषणा की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा फिल्म महोत्सव एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जो न केवल हरियाणा की संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रदेश की प्रतिभाओं को भी नई पहचान देगा। यह कहा प्रदेश के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम ने। मंत्री गौतम शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार में हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 का शुभारंभ कर रहे थे। सिने फाउंडेशन, हरियाणा (विश्व संवाद केन्द्र) तथा महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

बतौर मुख्यातिथि मंत्री गौतम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलाने की राह प्रशस्त करेंगे और इससे जुड़े फिल्म कलाकार, निर्माता, निर्देशक समेत अन्य लोगों को भी रोजगार के अधिक अवसर मिलेंगे। खेल मंत्री गौरव गौतम ने युवाओं को नशे से बचने के लिए खेल व कला से जुड़ने का आह्वान किया। एमडीयू में खेल मंत्रालय द्वारा एक्सीलेंस सेंटर बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह सेंटर आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने इस फिल्म महोत्सव के लिए भी 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। खेल मंत्री ने इस फिल्म महोत्सव की स्मारिका का विमोचन करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में महान अभिनेता और फिल्म निर्माता मनोज कुमार के निधन पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

अध्यक्षीय संबोधन में एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कहा कि फिल्में न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि वे समाज में सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम हैं। कुलपति ने इस अवसर पर एमडीयू की उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए बताया कि एमडीयू के मंच से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर अनेक कलाकार अपने अभिनय से प्रदेश और विश्वविद्यालय को गौरवान्वित कर रहे हैं।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख अनिल कुमार ने सकारात्मक फिल्में बनाने पर फोकस करने की बात कही। उन्होंने कहा कि फिल्मों के जरिए समाज की समस्याओं के समाधान को खोजें। उन्होंने हरियाणा के इतिहास से जुड़े अहम पहलुओं व घटनाओं को सिनेमा के द्वारा सामने लाने की बात पर बल दिया।प्रतिष्ठित पटकथा लेखिका अद्वेता काला ने अपने संबोधन में कहा कि फिल्मों के जरिए पटकथा को मंच पर ला सकते हैं और दर्शकों के साथ अपने विचार साझा कर सकते हैं।

विशिष्ट अतिथि नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के निदेशक चितरंजन त्रिपाठी ने कहा कि नाटक समाज को आईना दिखाता है और सिनेमा को संवेदनशील बनाता है। विशिष्ट अतिथि राजेश जैन ने कहा कि फिल्में कल्पनाओं को आकार देती हैं और समाज पर गहरी छाप छोड़ती हैं। विश्व संवाद केन्द्र, हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. मार्कण्डेय आहूजा ने अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए कहा कि यह फिल्म उत्सव हरियाणवी फिल्म इंडस्ट्री को नई दृष्टि देने का कार्य करेगा। कार्यक्रम के प्रारंभ में विश्व संवाद केन्द्र के सचिव राजेश कुमार ने इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव की रूपरेखा पर प्रकाश डाला।

प्रतिष्ठित हरियाणवी संस्कृतिकर्मी पद्मश्री महावीर गुड्डू ने कार्यक्रम के प्रारंभ में शंखनाद किया। एमडीयू के संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डा. रवि प्रभात ने अतिथियों का परिचय दिया। इस अवसर पर भारतीय चित्र साधना के सचिव अतुल गंगवार, हरियाणा फिल्म आयोजन समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर, उपाध्यक्ष हरिओम कौशिक, सचिव डॉ. राकेश योगी समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण, एमडीयू के डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. ए.एस. मान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. रणदीप राणा, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी, पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार समेत अन्य अधिकारी, प्राध्यापक, विद्यार्थी, हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी, प्रतिष्ठित हरियाणवी संस्कृति कर्मी डॉ. महासिंह पूनिया, रघुवेन्द्र मलिक, मनीष सैनी समेत हरियाणा के कलाकार, निर्माता-निर्देशक एवं फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग, शहर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।





**रोहतक।** कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्यअतिथि प्रदेश के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



**रोहतक।** कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रदेश के युवा सशक्तिकरण और उद्यमिता, खेल मंत्री गौरव गौतम को स्मृति चिन्ह देते विश्व संवाद केन्द्र, हरियाणा के अध्यक्ष डॉ. मार्कण्डेय आहूजा, समाज सेवी राजेश जैन व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह

### विनेश फौगाट के पास चार ऑप्शनः खेल मंत्री

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा है कि पहलवान व विधायक विनेश फौगाट को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सरकार का एक महत्वपूर्ण ऑफर दिया है। उन्होंने कहा कि अब यह विनेश पर निर्भर करेगा कि वह इस प्रस्ताव को स्वीकार करती हैं या नहीं। ओवरवेट की वजह से विनेश ओलंपिक में गोल्ड मेडल से चूक गई थी। इसके बावजूद सरकार ने घोषणा की थी कि उन्हें सिल्वर मेडल विजेता वाला मान-सम्मान दिया जाएगा। अब सरकार ने उन्हें कैश, नौकरी व प्लाट में से चुनाव का ऑप्शन दिया है क्योंकि विनेश अब जुलाना से कांग्रेस विधायक हैं, इसलिए शायद वे नौकरी का ऑप्शन न चुने।

## फिल्म महोत्सव की दो मास्टर क्लास में युवाओं की जिज्ञासा शांत करने का प्रयास किया

**रोहतक।** हरियाणा फिल्म महोत्सव 2025 के उद्घाटन के उपरांत पहले दिन शुक्रवार को दो मास्टर क्लास हुई। पहली मास्टर क्लास में फिल्म निर्माण और चुनौतियों से संबंधित विषय पर विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी। इन्होंने चर्चा के साथ यहां मौजूद फिल्म क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए इनकी जिज्ञासा को भी शांत किया। इस चर्चा में विशेषज्ञों ने बताया कि कई बार लगता है कि फिल्म बनाना एक बड़ी चुनौती है,जिसमें बहुत सारे फूफाओं (पूरी टीम) को साधते हुए प्रोड्यूसर एक फिल्म प्रोजेक्ट पूरा करता है। बॉलीवुड की कहानी जैसी चर्चित फिल्म की लेखिका अद्वैत काला ने कहा कि कहानी का आइडिया कहीं से भी मिल सकता है। हमें रोजाना अखबार पढ़ने चाहिए,क्योंकि कहानी का आइडिया अखबार की सुर्खियों में भी छुपा होता है। उन्होंने कहा कि आपस की बातचीत,घटनाक्रम,यात्राओं के दौरान के अनुभव नई कहानी को जन्म देते हैं। जैसे किसी भी पेड़ को लगाने के लिए बीज डाला जाता है,उसी तरह किसी भी फिल्म के लिए यह बीज कहानी है,जो एक श्रृष्टि की रचना करती है। विशेषज्ञ के रुप में मास्टर क्लास में शामिल हुए मनीष सैनी ने कहा कि ने कहा कि फिल्में सामाजिक जिम्मेदारी को समझते हुए सही दशा दिशा में काम करके बड़े सामाजिक परिवर्तन में साकारात्मक योगदान देना चाहिए।किसी प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए मनोरंजन के नाम पर फूहड़ता परोसना गलत है।समाज को सही दिशा में लाने के लिए मजाक और व्यंग्य का सही इस्तेमाल होना चाहिए। कार्यक्रम में मनीष सैनी ने कहा कि दक्षिण के सिनेमा के मुकाबले हरियाणा प्रांत अभी भी इस आर्ट के शुरुआती दौर जैसे हालात से गुजर रहा हैं। मगर संतोषजनक बात यह है कि हरियाणा सिनेमा में अब हरिओम कौशिक जैसे निष्ठा और जुनून से काम करने वाले अनेक चेहरे दिखने लगे हैं। फिल्म सेंसर बोर्ड की सदस्य ज्योत्सना गर्ग ने कहा कि मराठी और दक्षिणी सिनेमा अपनी कहानी अपने रुट से जुड़ी कहानियों के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। दूसरी मास्टर क्लास हरियाणवी संस्कृति के विकास में गीत संगीत के योगदान विषय पर पद्मश्री महावीर गुड्डू, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशक जन संचार एवं प्रौद्योगिकी संस्थान प्रोफेसर महा सिंह पूनिया और गुरुग्राम विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी श्योराण ने चर्चा की और मास्टर क्लास में मौजूद युवाओं के सवालों का जवाब दिया। इस दौरान मास्टर क्लास में हरियाणवी संस्कृति के विकास में गीत संगीत के योगदान विषय पर व्याख्यान देते हुए डॉ. पूनिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को लोक पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए आगे आना चाहिए।



**रोहतक।** कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी संस्कृति कर्मी पद्मश्री महावीर गुड्डू डांस करते।

जागरूकता अभियान

# कॉलेज व पार्क में साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति आमजन को सजग करने के लिए पुलिस ने स्कूलों में विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनको बचाव के तरीके बताए गए। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया के निर्देश की पालना करते हुए जिला पुलिस की अलग-अलग टीमों ने स्कूल कॉलेज में इसी अपराध से जुड़ी जानकारी देकर युवाओं, शिक्षकों और आमजन को जागरूक किया। वहीं, आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेन्द्र ने पार्क में आमजन को जागरुक किया गया।

- साइबर अपराध के प्रति जागरुकता में ही बचाव

शहर थाना में आए व्यक्तियों को साइबर अपराध के घटित होने व उनसे बचाव के बारे में बताया गया। इसके अलावा अन्य थानों की टीम द्वारा बस अड्डा, बाजार, सैनी कॉलेज, क्रिकेट एकडेमी, निजी शिक्षण सस्थानों आदि स्थानों पर आमजन को जागरुक किया गया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार ना हो। सहायक पुलिस अधीक्षक वाईवीआर शशि शेखर ने बताया कि डिजिटल क्रांति के इस युग में हमारा ज्यादातर काम ऑनलाइन हो गया है या फिर हम अपने मनोरंजन के लिए इंटरनेट यूज करते रहते है।

इस डिजिटल युग में सक्रिय साइबर अपराधी साइबर अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे है। साइबर अपराधियों द्वारा जाल में फंसाने के लिए आसान तरीके से पैसे कमाने का लालच दिया जाता है। उससे अपने अकाउंट में पैसे डलवाए जाते हैं और पैसे जब तक सैकड़ों में होते हैं तो कमीशन जोड़कर वापस देते हैं। लेकिन जैसे ही रकम हजारों में चली जाती है तो ठगों द्वारा ठगना शुरू कर दिया जाता है।

### साइबर फ्रॉड हो जाता है तो घबराएं नहींः एसपी



*अगर सावधानी या सतर्कता रखने के बावजूद भी आपके साथ किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड हो जाता है तो घबराएं नहीं। बल्कि तुरंत साइबर धोखाधड़ी होने पर शिकायत साइबर हेल्प डेस्क नंबर 1930, डायल 112 या अपने बैंक तथा नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें और साइबर क्राइम पोर्टल पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड कराए।*

*-नरेन्द्र बिजारणिया, एसपी, रोहतक*

### अंजान को न दे जानकारी

पुलिस टीम ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं जिसमें हैकर्स-धोखेबाज किस्म के अपराधी पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली निगम, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर आपसे कोई जानकारी मांगता है तो आप उसे अपनी कोई भी जानकारी ना दें।

### साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए भेजते हैं फ्रेंड रिक्वेस्ट

पुलिस ने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। वह उनसे दोस्ती करके धीरे-धीरे उनके बारे में समस्त जानकारियां जुटा लेते हैं। उसके बाद शातिर उनको ठगी का शिकार बनाते हैं। वो उनकी निजी फोटो-बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों एवं आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें।

### अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल से बचें

पुलिस टीम ने बताया कि सभी विद्यार्थियों को फेसबुक हैकिंग, बारकोड़ के माध्यम से होने वाले फ्राड, वाट्सएप हैकिंग से बचाव, फर्जी वेबसाइट से होने वाले फ्राड के संबंध में सावधानियां बरतने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सएप इत्यादि इंटरनेट मीडिया साइट्स से हनी ट्रैप के संबंध में छात्रों से जागरूक रहने के लिए कहा। सिम कार्ड के माध्यम से, एटीएम कार्ड बदलकर, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड के माध्यम से, बायोमेट्रिक, क्यूआर कोड स्कैन, इंटरनेट मीडिया पर अनजान व्यक्ति से दोस्ती, फर्जी काल, अनजान वाट्सएप वीडियो काल, आनलाइन लोन देने वाले एप, इंटरनेट मीडिया पर रुपयों की मांग करने वालों से, गूगल से कस्टमर केयर नंबर सर्च करने बारे व यूपीआई संबंधित फ्राड के प्रति भी छात्रों को जागरूक किया गया।

### संगीत का जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय चल रहे पांच दिवसीय वाईआरसी कैंप के दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य ने वाईआरसी वॉलिंटियर्स को संबोधित करते हुए बताया कि संगीत का हमारे जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव है। हरियाणा की फिल्मों के विषय में भी वॉलिंटियर्स को जानकारी दी गई। मीडिया क्लब की समन्वयक डॉ. सुनैयना ने विद्यार्थियों को विश्व संवाद केंद्र के विषय में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डॉ. विनीत बाला ने बताया कि वॉलिंटियर्स ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित फिल्म फेस्टिवल में भागीदारी की।

इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. फूल सिंह यादव, वाईआरसी सदस्य डॉ. पिंकी यादव, गीता गुप्ता, डॉ. प्रतिभा, डॉ. मनीषा, डॉ. वीरेंद्र खुराना, हिमांशु, टीना, पूजा सहित अन्य उपस्थित रहे।




## एनएसएस शिविर का हुआ समापन

**रोहतक।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार रोड में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का समापन हुआ। स्कूल प्रधानाचार्य सरोज नरवाल तथा एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर मंजू के नेतृत्व में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का कैम्प का आयोजन हुआ। शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक मुद्दों जैसे नशा मुक्ति, स्वास्थ्य, पर्यावरण आदि पर जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य अतिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भिवानी रोड की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर पंकज जैन रहे। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया। संयोजक मंजू ने बताया कि स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां, जल संरक्षण, करियर काउंसलिंग, खेलकूद आदि कार्यक्रम शामिल रहे। रजनी शर्मा एवं एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर पंकज जैन ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। मौके पर डॉ. सोनिया वर्मा, सुशीला, लता आदि उपस्थित रहे।

## अनाजमंडी में शुरू हुई अटल किसान मजदूर कैंटीन, 10 रुपये में मिलेगा भोजन

**रोहतक।** आनाजमंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को सुविधा देते हुए हरियाणा राज्य कृषि विपणन मंडल की ओर से अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली गई है। जहां केवल 10 रुपये में भोजन की थाली दी जाएगी। कैंटीन का संचालन कर रही महिला रितू ने बताया कि कैंटीन खोलने का उद्देश्य मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों को सुविधा देना है। इससे पहले यहां आसपास उनके खाने-पीने की व्यवस्था भी नहीं थी। कैंटीन में 8 महिलाएं काम करती है। खाना बनाने से लेकर परोसने व 10 रुपए की पर्ची काटने का काम किया जाता है। कैंटीन में आने के बाद किसानों को घर जैसा ही खाना दिया जाता है। किसानों व मजदूरों के लिए कैंटीन अप्रैल व मई माह तक चलती रहेगी।



## स्वास्थ्य विभाग ने लगाया जागरूकता कैंप

**रोहतक।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य अभियान एवं विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अंतर्गत सिविल अस्पताल के दंत विभाग से वरिष्ठ दंत चिकित्सक, डॉ अतुल शर्मा एवं डॉ नीतू व दंत चिकित्सक डॉ विकास सैनी ने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग में प्राध्यापकों एवं छात्रों को अच्छे मुख स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। सबसे पहले विभाग अध्यक्ष डॉ मीनाक्षी नांदल एवं अन्य प्राध्यापकों ने डेंटल टीम का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। तत्पश्चात डॉ अतुल शर्मा ने अपनी टीम के चिकित्सकों का परिचय दिया। डॉ. नीतू ने अच्छे मुख स्वास्थ्य रखने बारे, स्लाइड शो के माध्यम से उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्रों को जागरूक किया। डॉ विकास सैनी ने भी मुख कैंसर, नशे की लत व भ्रुण हत्या रोधक कानून बारे विस्तार से जानकारी दी। छात्रों ने दंत चिकित्सकों से सवाल भी किए व अपनी दांत संबंधी बीमारियों बारे भी परामर्श लिया। अंत में विभाग के प्राध्यापकों ने दंत चिकित्सकों की टीम का धन्यवाद किया।

### दो दिवसीय टीचिंग इंस्ट्रक्शन कोर्स आज से

**रोहतक।** पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के हड्डी रोग विभाग द्वारा 5 और 6 अप्रैल 2025 को टीचिंग इंस्ट्रक्शन कोर्स 2025 का आयोजन किया जाएगा। यह कोर्स रिसर्च सोसाइटी ऑफ ऑर्थोपेडिक्स के सहयोग से आयोजित किया जाएगा।

हड्डी रोग विभाग अध्यक्ष डॉक्टर रूप सिंह ने बताया कि 5 अप्रैल को लेक्चर थिएटर वन में इस कोर्स का शुभारंभ दोपहर 12:30 बजे कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले उनके विभाग द्वारा पांच टीचिंग इंस्ट्रक्शन कोर्सेज का सफल आयोजन किया जा चुका है। यह कोर्स ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी और तकनीकों को साझा करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस कोर्स में विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान और प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो ऑर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में नवीनतम विकासों के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे।

**शिविर** डीसी के मार्गदर्शन में समाधान शिविर में किया जा रहा है शिकायतों का निपटारा

# पात्र लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं का अविलंब दें लाभ : नगराधीश अंकित कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के मार्गदर्शन में नागरिकों की शिकायतों के निपटारे के लिए हर कार्य दिवस समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सेनी के निर्देशानुसार लोगों की शिकायतों के शीघ्र निपटारे के उद्देश्य से हर कार्य दिवस समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

नगराधीश अंकित कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कांफ्रेंस हॉल में सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र व अन्य विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी प्रतिदिन समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें ताकि लोगों की असुविधाओं को दूर करके उन्हें राहत दी जा सके। प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न पेंशन योजनाएं, कन्या राशि, मकान नवीनीकरण, छात्रवृति योजनाएं, सौर ऊर्जा, पंजीकृत मजदूरों की योजनाएं, स्वास्थ्य से संबंधित, महिला सशक्तिकरण आदि विभिन्न वर्गो के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही हैं। ऐसे में अधिकारी पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को इन योजनाओं का समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

नगराधीश अंकित कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निपटारे के लिए विभाग के उच्चाधिकारी मौके पर समाधान शिविर में मौजूद रहकर इन शिकायतों का निपटारा करें। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिदिन समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जा रही है तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा व स्वास्थ्य विभाग के परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी, भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश आदि मौजूद रहे।







**रोहतक।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश अंकित कुमार। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### वैश्य कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज आफ एजुकेशन में मैनेजमेंट के मार्गदर्शन में प्राचार्या डॉ. तरुणा मल्होत्रा की अध्यक्षता में एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉक्टर तरुणा मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए, कॉलेज परिसर व परिसर में स्थित विभिन्न उद्यानों में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ्य का भी महत्व है और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता होनी आवश्यक है। विद्यार्थियों द्वारा कॉलेज परिसर के उद्यानों में पेड़ पौधों की देखभाल व खरपतवार निकाली गई। इस अभियान द्वारा विद्यार्थियों का सुरक्षित व स्वच्छ पर्यावरण रखने के कौशल का विकास हुआ।



### नशे से दूर रहने का संदेश दिया

**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में एंटी टोबैको सेल के तत्वाधान नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत ब्रह्म कुमारीज आर्य नगर सेंटर द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर चलचित्र दिखाया गया। छात्राओं ने प्रण लिया कि वे समाज को नशा मुक्ति बनाने में अपना योगदान देंगे। सेंटर इंचार्ज बीके उमा दीदी ने अपने सकारात्मक विचारों से बच्चों को विकारों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एंटी टोबैको सेल संयोजिका डॉ. प्रवेश और डॉ. रीना द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीके उमा दीदी, बीके राहुल भाई, बीके तपस्या दीदी, बीके यशवंत भाई, बीके राम भाई, बीके पुष्पा बहन आदि रहे।

## बाबा मस्तनाथ विवि में भारतीय ज्ञान परंपरा विषय पर हुआ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# सनातन ज्ञान बौद्धिक विकास तक सीमित नहीं यह समाजोत्थान का माध्यम भी : बालक नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

बाबा मस्तनाथ विवि में भारतीय ज्ञान प्रणाली गौरवशाली अतीत से उज्ज्वल भविष्य तक विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। यह सम्मेलन बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश और आईके गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय, पंजाब के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी ने भारतीय शिक्षा परंपरा के आध्यात्मिक एवं व्यावहारिक पहलुओं को उजागर किया। उन्होंने कहा कि सनातन ज्ञान केवल बौद्धिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्मोन्नति और समाजोत्थान का माध्यम भी है। उन्होंने वेदों, उपनिषदों और योग परंपरा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि अगर भारत को पुनः विश्व गुरु बनाना है तो हमें अपनी शिक्षा प्रणाली को आत्मसात करते हुए उसका आधुनिक संदर्भों में पुनर्परिभाषित करना होगा। कुलाधिपति ने कहा कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल जीना नहीं, बल्कि दूसरों को जीवन देना है।

### शिक्षा जीवन जीने की पद्धति

*बाबा मस्तनाथ विवि के कुलपति प्रो. एचएल वर्मा ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली केवल सूचनाओं का संकलन नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है, जो व्यक्ति के आत्मिक, मानसिक और शारीरिक विकास को सुनिश्चित करती है। प्रो. वर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन न केवल शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं के लिए, बल्कि छात्रों के लिए भी अत्यंत उपयोगी होगा। छात्रों कहा कि वे केवल पश्चिमी शिक्षा प्रणाली पर निर्भर न रहें, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहें और गहन अध्ययन करें।*




**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालकनाथ योगी। *फोटो : हरिभूमि*

### हमारी संस्कृति ने लोक मंगल की शिक्षा दी

- हमारी संस्कृति ने हमें आत्मनिर्भरता और लोकमंगल की शिक्षा दी है

महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. नंदकिशोर गर्ग ने कहा कि हमारी संस्कृति ने हमें आत्मनिर्भरता और लोकमंगल की शिक्षा दी है। हमारे वेदों में वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया गया, जो वैश्विक शांति और समृद्धि का आधार है। आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक संदर्भों में लागू करें और वैश्विक समस्याओं का समाधान खोजें। उन्होंने बताया कि किस प्रकार भारतीय ग्रंथों में उपलब्ध ज्ञान को आधुनिक शोध पद्धतियों के साथ समन्वित किया जा सकता है, जिससे विज्ञान और परंपरा का एक सामंजस्यपूर्ण विकास हो।

### पुस्तकों का विमोचन किया

सम्मेलन के प्रथम दिवस में छह महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन किया गया, जिनमें भारतीय ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिकता, दर्शन, विज्ञान और प्राचीन ग्रंथों पर शोध शामिल हैं। इन पुस्तकों को विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वानों द्वारा संकलित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सम्मेलन में अनेक शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, अधिष्ठाता शैक्षणिक विभाग डॉ. नवीन कुमार, अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सांगठनिक सचिव डॉ. दीपक यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

### शिक्षाप्रद जानकारी दी

जेएनयू, दिल्ली के पूर्व डीन प्रो. सुधीर कुमार आर्य ने कहा कि हमारे प्राचीन ग्रंथों में गणित, खगोलशास्त्र, चिकित्सा और दर्शन के अनेक गूढ़ रहस्य छिपे हैं, जिन्हें आधुनिक शिक्षा प्रणाली में पुनः स्थापित करना आवश्यक है। यदि हम तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वविद्यालयों की बात करें, तो यह स्पष्ट होता है कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान और शिक्षा का केंद्र रहा है। हमारे शास्त्रों में न केवल आध्यात्मिक, बल्कि भौतिक और वैज्ञानिक उन्नति के सूत्र भी समाहित हैं। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश के कुलपति प्रो. आरके गुप्ता, आईके गुजराल पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुशील मित्तल, और टेक्सिला अमेरिकन यूनिवर्सिटी, जाम्बिया के कुलपति प्रो. अजय कुमार पोद्दार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल प्राचीन ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन का एक समग्र दर्शन है, जिसमें आध्यात्मिकता, विज्ञान, चिकित्सा, गणित, योग और नैतिक शिक्षा का समावेश है। भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली में गुरुकुल परंपरा, आत्म-चिंतन, प्रकृति के साथ संतुलन और व्यवहारिक ज्ञान को अत्यधिक महत्व दिया जाता था, जो आज भी प्रासंगिक है। नई शिक्षा नीति इसी मूल भावना को पुनर्जीवित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

## भगवान राम की कथा में उमड़े श्रद्धालु

# श्रीराम व भरत मिलन कथा का किया वर्णन



**रोहतक।** राम नगर स्थित राम मंदिर में चल रही श्री राम कथा के छठे दिन पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राम के चित्रकूट आगमन, भरत से भावनात्मक मिलन, अगस्त्य मुनि के आश्रम में दर्शन तथा पंचवटी में निवास की दिव्य लीलाओं का श्रवण किया। कथा व्यास रामानुज दास महाराज ने बताया कि जब भगवान श्री राम चित्रकूट पहुंचे, तो भरत ने बड़े प्रेम और विनम्रता से राज्य लौटने की प्रार्थना की, किंतु श्री राम ने अपने धर्म का पालन करते हुए वन में रहने का संकल्प दोहराया। इसके बाद भगवान राम अगस्त्य मुनि के आश्रम पधारे, जहां उन्हें दिव्य अस्त्र-शस्त्र प्राप्त हुए। इसके बाद श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण पंचवटी में निवास करने लगे।

### हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ

**रोहतक।** वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हवन व प्रसाद वितरण के साथ किया गया। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही विद्यालय ने अपने शैक्षणिक स्तर को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वैश्य एजुकेशन सोसायटी के गवर्निंग बॉडी सदस्य नितिन तायल, ईश्वर चंद्र गुप्ता व कॉलेजियम सदस्य सुनील जैन ने छात्रों को अनुशासन, परिश्रम और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया।

## वैश्य महिला कालेज में हुई पैरेंट-टीचर मीटिंग

**रोहतक।** वैश्य महिला महाविद्यालय में पीटीएम का आयोजन छात्र कल्याण कोशांग द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। इस अवसर पर, महाविद्यालय के प्राचार्या, शिक्षकगण और अभिभावक उपस्थित रहे। पीटीएम के दौरान, शिक्षकों ने अभिभावकों को उनकी बच्चियों की प्रगति रिपोर्ट प्रदान की और उनकी शैक्षिक उपलब्धियों पर चर्चा की। इसके अलावा, कालेज की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी गई। महिला कोशांग की सदस्याओं, अलका बहल, डॉ. रेणु जैन और डॉ. निधि गर्ग ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्या ने कहा, /"छात्र कल्याण कोशांग द्वारा आयोजित यह पीटीएम अभिभावकों और शिक्षकों के बीच संवाद को बढ़ावा देना है।

# भक्तों ने मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह से की

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के सानिध्य में चैत्र नवरात्र महोत्सव में शुक्रवार को मां जगदंबे के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना श्रद्धा और उत्साह से की। भक्तों ने जय माता दी, बोल शेरावाली मां की जय का गुणगान करते हुए अखंड ज्योत के दर्शन किए और सुख समृद्धि, सुख शांति और अरदास कर मनोकामनाएं मांगी। इस दौरान दुर्गा स्तुति पाठ किया गया।

गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि मां दुर्गा के कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत भयानक है, मगर वह सदैव अपने भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं। इनका स्मरण करने से दानव, भूत-प्रेत, राक्षस, दैत्य आदि डरकर भाग जाते हैं। कालरात्रि रूप का अवतार असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए हुआ था। ये दुष्टों का नाश करके ग्रह बाधाओं को भी दूर करती हैं। इनकी पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मां कालरात्रि का रंग कृष्ण वर्ण का है। काले रंग के कारण उनको कालरात्रि कहा गया है। चार भुजाओं वाली मां कालरात्रि दोनों बाएं हाथों में क्रमशः कटार और लोहे का कांटा धारण करती हैं।



माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में नवरात्र महोत्सव के उपलक्ष में मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना करते भक्त।



**रोहतक।** पाड़ा मोहल्ला स्थित माता मंदिर में नवरात्र महोत्सव के उपलक्ष में पूजा-अर्चना करते भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

### भगवान प्रेम के भूखें हैं, उनको प्रेम दीजिए

साध्वी मानेश्वरी देवी ने कहा कि भगवान प्रेम के भूखे हैं, उनको प्रेम दीजिए। प्रेम देने से वे आपसे बातें करेंगे, आपके हाथ से अर्पित किया हुआ प्रसाद-भोजन ग्रहण करेंगे। आप पूजा के कमरे में बैठकर जप, तप, पूजा, भजन, कीर्तन आदि जो भी करें, उसका उद्देश्य रखें- भगवान को प्रसन्नता देना। सब कुछ भगवान की प्रसन्नता के लिए करें। इस जगत के मालिक आप हैं, आपने जगत की केवल तीन चीजें मुझ सौंपी हैं, शरीर, परिवारजन व सामान-सम्पति। इन तीनों के मालिक भी आप हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य सच्चे हृदय से परमात्मा की शरण में चला जाए तो उसके सारे दुख दूर हो जाते हैं।

## शिक्षा सत्र के पहले दिन उत्साह

# बच्चों की खिलखिलाहट से गुलजार हुआ मॉडल स्कूल




हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में सत्र के पहले दिन बच्चे खुशी और उत्साह से पहुंचे। दोस्तों और शिक्षकों से मिलने और सीखने की उत्सुकता उनके चेहरे पर साफ़ दिखाई दे रही थी। नर्सरी के विद्यार्थियों ने विद्यालय में अपना पहला कदम रखा। कुछ हंसते हुए तो कुछ आंसुओं भरी आंखों के साथ पहुंचे, लेकिन वापसी खिलखिलाहट के साथ हुई। तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया। संगीत, नृत्य और रचनात्मक खेलों के साथ छोटे बच्चे व्यस्त रहे और सेल्फी स्टैंड पर फोटो खिंचवाए। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्या द्वारा स्कॉलर बैज के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा नियमित उपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने विद्यार्थियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता, सचिव राजेश कुमार सहगल ने शुभकामना संदेश भेजा तथा विद्यार्थियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आशीर्वाद दिया। उपप्रधानाचार्या आशिता भांबरी ने भी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।



**रोहतक।** प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान सिरतार संस्थान के निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. ए डी पासवान जानकारी लेते रोहतक मंडल के आयुक्त फूलचन्द मीणा व उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा। *फोटो : हरिभूमि*

## मंडलायुक्त फूलचंद मीणा ने बैठक में की समीक्षा

**रोहतक।** सिरतार संस्थान की 15वीं प्रबंधन समिति की बैठक को रोहतक मंडल के आयुक्त फूलचन्द मीणा की अध्यक्षता में सिरतार के प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक में उपायुक्त धीरेन्द्र खड़गटा, जिला समाज कल्याण अधिकारी एमपी गोदारा, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुन्दर, एसडीओ सुरेन्द्र कुमार व गौतम तथा संस्थान के निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. ए डी पासवान उपस्थित रहे। मंडलायुक्त फूलचंद मीणा व उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने सिरतार संस्थान के प्रत्येक विभाग (प्रशासनिक विभाग, मनोवैज्ञानिक विभाग, फिजियोथैरेपी विभाग, लाईब्रेरी, कोर्सिज के क्लास रूमज, दिव्यांगजन के क्लास रूमज, हॉस्टल, मैस, ऑडिटोरियम व प्ले ग्राउंड) का बारीकी से निरीक्षण किया व संस्थान, हॉस्टल, मैस व बाथरूम की सफाई व्यवस्था की सराहना की। संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जाने वाली सभी सुविधाओं को देखकर प्रसन्ता जाहिर की तथा संस्थान के प्रांगण में पौधारोपण भी किया। सिरतार संस्थान की 15वीं बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों को विचार-विमर्श उपरान्त सर्वसम्मति अनुमोदित किया गया। मंडलायुक्त फूलचंद मीणा व उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने संस्थान के बहुउद्देश्यीय कांफ्रेंस, सेमीनार हाल (ऑडिटोरियम) को आधुनिक सुविधाएं जैसे साउंड प्रूफ सिस्टम, एयर कंडिशनर, ऑटो सिस्टम, एलईडी प्रोजेक्ट स्क्रीन, सीपीयू व सेंट्रल टेबल आदि सुविधाओं से सम्पन्न कराने के लिए अनुदान राशि मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

# देश को उन्नति के मार्ग पर ले जाने में युवाओं की अहम भूमिका : खेल मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

हरियाणा की पहचान पहले एक कृषि प्रधान राज्य के रूप में होती थी, लेकिन अब यह खेलों का हब बन चुका है। यह बदलाव मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों के कारण संभव हुआ है। यह बात गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में अभिनंदन समारोह में मुख्यातिथि खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता व कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कही। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि आईपीएस अधिकारी शिवचरण अत्री रहे। अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य एवं गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थाओं के पदेन सचिव डॉ. जयपाल शर्मा ने की। उन्होंने सभी अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि गौरव गौतम ने कहा गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्था उत्तर भारत की संस्था में आकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यहां से विद्यार्थी पढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रहे है। उन्होंने हरियाणा सरकार में उनके मंत्रालयों द्वारा गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान को भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया।



**रोहतक।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यअतिथि खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता व कानून विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस मौके पर गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महाश्वेता, गौड़ ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीप्ति अत्री, गौड़ ब्राह्मण स्कूल प्राचार्य डॉ. अनीता गौड़, गौड़ ब्राह्मण महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. धर्मवीर भारद्वाज, डॉ. दलबीर कौशिक, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. पिंकी, डॉ. सुखदेव शर्मा, डॉ. तरुण वत्स, डॉ. सुरेन्द्र, डॉ. मंजू शर्मा, डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. मनीषा कौशिक, भगवान परशुराम आश्रम जनकल्याण समिति अध्यक्ष एडवोकेट ललित कुमार आदि रहे।

## सरकारी संस्था में क्रय प्रक्रिया पर हुआ व्याख्यान

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लाखन माजरा में प्राचार्या इंदु सपरा के कुशल मार्गदर्शन एवं वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "आधिकारिक कार्यों में वित्तीय प्रबंधन, सरकारी व्यय, प्रशासन एवं वित्तीय स्वीकृति" विषय पर एक दिवसीय संयुक्त विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण व्याख्यान का उद्देश्य कर्मचारियों को सरकारी वित्तीय प्रक्रियाओं, नियोजन एवं व्यय प्रबंधन की व्यवहारिक समझ प्रदान करना था, जिससे शासकीय कार्यों में अधिक पारदर्शिता, जवाबदेही एवं दक्षता सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ सदस्य डॉ. सत्य प्रकाश किरार ने अत्यंत प्रभावशाली एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान में सरकारी संस्थानों में वित्तीय अनुशासन के महत्व, बजट की संरचना एवं उसका प्रभावी उपयोग पर जोर दिया।



## पूर्व मंत्री ने आढ़ती व किसानों की समस्याएं सुनी

**रोहतक।** हरियाणा के पूर्व मंत्री व भाजपा के राज्य प्रवक्ता कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने सांपला अनाज मण्डी का दौरा किया व वहां किसानों व आढ़तियों से उनकी समस्यायें सुनी। अनाज मण्डी सांपला में गेंहू व सरसों की आवक हो रही है। किसानों व आढ़तियों ने हैफेड व वेयर हाऊसिंग के मैनेजर की शिकायत की और कहा कि हजारों क्विंटल सरसों सांपला मण्डी में आ चुकी है लेकिन बारदाना उपलब्ध नहीं है। इसके बाद पूर्व मंत्री व किसान नेता कृष्ण मूर्ति हुड्डा सांपला के एसडीएम उत्सव आनन्द से किसानों के साथ इन अधिकारियों की शिकायत करने गए। सांपला एसडीएम ने तुरन्त कारवाई करने का आश्वासन दिया और सम्बन्धित अधिकारियों से बात की। कृष्ण मूर्ति हुड्डा ने कहा कि जो सरकारी अधिकारी इस समय किसानों की फसल खरीदने में अनदेखी या लापरवाही करेगा। उस अधिकारी की शिकायत जिला उपायुक्त व हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को करेंगें। इस दौरान अनाज मंडी के प्रधान अशोक बंसल, रोनक मलिक, गौरव हुड्डा, राजकपूर रूहिल, राजेश कुमार, ईश्वर मुगाण, दीपक हुड्डा किलोई, मोहित सिन्धु, सुरेश दलाल छारा, शिव कुमार भोला कुलताना, मुकेश दलाल छारा, प्रवीन कुमार, रूपेश कुमार पार्षद सांपला, नरेश दलाल छारा, धन सिंह वशिष्ठ, पवन खत्री, भूपेन्द्र खत्री, प्रदीप आर्य, रिन्कू खुराना आढ़ती व दलीप सिंह हुड्डा किलोई आदि मौजूद थे।

## कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा में स्वागत गीत से हुआ

# पठानिया पब्लिक स्कूल वर्ल्ड कैंपस में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

विद्यालय निदेशक अंशुल पठानिया ने 525 विद्यार्थियों को 7 लाख की धनराशि छात्रवृति स्वरूप प्रदान कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया, इस श्रेणी में अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल व नकद राशि से पुरस्कृत किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

पठानिया पब्लिक स्कूल वर्ल्ड कैंपस में शुक्रवार को सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा व पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा में स्वागत गीत, सामूहिक नृत्य व गायन के साथ हुआ। मंच संचालन रेशम मल्होत्रा के दिशा निर्देशन में कक्षा 12वीं की छात्रा गुनिका व तान्या ने किया। समारोह में कक्षा नर्सरी से नौवीं व कक्षा ग्यारहवीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। विद्यालय निदेशक अंशुल पठानिया ने 525 विद्यार्थियों को 7 लाख की धनराशि छात्रवृति स्वरूप प्रदान कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। छात्रवृति योजना को कक्षाओं के अनुसार दो वर्गों में बांटा गया, 95-100 प्रतिशत व 90 प्रतिशत से 94.99 प्रतिशत तक। इस श्रेणी में अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल व नकद राशि से पुरस्कृत किया गया।

कक्षा एक से टीशा जैन ने 99.8 %अंक प्राप्त किए

पुरस्कार पाकर खिले विजेता छात्रों के चेहरे




### विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

निदेशक अंशुल पठानिया, को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने विद्यार्थियों की उपलब्धि सरहानी बताया। उन्होंने कहा कि अपने सपनों को पूरा व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समर्पण भाव से मेहनत करने की आवश्यकता होती है जो कि सभी विद्यार्थियों ने बखूबी की है। उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी तथा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी कक्षा एक से टीशा जैन ने 99.8 प्रतिशत, कक्षा दो से समरवीर सिंह व नक्ष सहगल 99.6 प्रतिशत, कक्षा तीन से दिव्यम 99.3 प्रतिशत, कक्षा चार से ध्रुव ने 99.2 प्रतिशत, कक्षा पांच से अनन्या पुनिया ने 98.9 प्रतिशत, कक्षा छह से अंश ने 99.1 प्रतिशत, कक्षा सात से कृवम ने 99.7 प्रतिशत, कक्षा आठ अनन्या जैन व समर हुड्डा ने 98.9 प्रतिशत, कक्षा नौवीं से ध्रुव मुंजाल ने 99.2 प्रतिशत, ग्यारहवीं मेडिकल से रितेश 96.7 प्रतिशत, नॉन मेडिकल से पारस कुमार ने 90.4 प्रतिशत, कॉमर्स से सक्षम धींगड़ा ने 92.8 प्रतिशत व आर्टस से कपिश खनगवाल ने 97.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों को गौरवान्वित किया।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
• एचआर हेड (महिला)
• फील्ड ऑफिसर
• टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com

WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

Chukde Spices Combo
GET FREE
ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE

# Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

UPTO 80% OFF

BIG DISCOUNTS
SALE
05 APRIL TO 11 APRIL

ROHTAK | BAHADURGARH | JHAJJAR | DIGHAL | SAMPLA | GOHANA

WHOLESALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा, बचत सबसे ज्यादा!

WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY

| Product | Details | Offer |
|---|---|---|
| MOONG CHILKA | 1KG | OUR PRICE ₹125 |
| RAJMA CHITRA | 1KG | OUR PRICE ₹135 |
| MALKA MASOOR | 1KG | OUR PRICE ₹89 |
| MALKA KALI DAAL | 1KG | OUR PRICE ₹90 |
| KALA CHANA | 1KG | OUR PRICE ₹77 |
| VADILAL ICE CREAM | | UPTO 50% OFF ON MRP |
| ORION CHOCO-PIE | 25X10 GM | BUY 1 GET 1 FREE |
| KAAJU | 500G | OUR PRICE ₹490 |
| WALLNUT (AKHROT) | 250G | OUR PRICE ₹365 |
| KISHMISH JUMBO SIZE | 1KG | OUR PRICE ₹350 |
| SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS | | BUY 1 GET 1 FREE |
| SPESH SHARBAT | 750 ML | 20% OFF ON MRP |
| MAGGI TOMATO KETCHUP | 970G, WITHOUT OFFER, MRP ₹165 | OUR PRICE ₹99 |
| RED BULL ENGRY DRINK | 250ML, MRP ₹125 | OUR PRICE ₹95 |
| HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT | 750ML, MRP ₹180 | OUR PRICE ₹155 |
| CATCH SOFT DRINK | 1.2 Ltr. | BUY 1 GET 1 FREE |
| HITKARY ALL VARIENTS | 700ML | 20% OFF ON MRP |
| PRABHAS PURE GHEE | 1Ltr. | BUY 1 GET 1 FREE |
| INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC | 5KG, MRP ₹1255 | OUR PRICE ₹949 |
| KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE | 5kg 10kg | 40% OFF ON MRP |
| DAAWAT rozana rice GOLD | 5KG, MRP ₹600 | OUR PRICE ₹399 |
| BISLERI WATER BOTTLE | 24*250ml, MRP ₹144 | OUR PRICE ₹120 |
| BISLERI LIMONATA | 600ml | BUY 1 GET 1 FREE |
| DABUR GLUCOPLUS C | SIPPER FREE | 50% OFF |
| FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL | 1LTR, MRP ₹173 | OUR PRICE ₹152 |
| GO CHEESE SLICE | 200gm | BUY 1 GET 1 FREE |
| RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA | | BUY 2 GET 1 FREE |
| PREET LITE GHEE | 1Ltr. | OUR PRICE ₹315 |
| COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2LTR | 2L, WITHOUT OFFER | OUR PRICE ₹79 |
| LAHORI JEERA | 24 BOTTLES, MRP ₹240 | OUR PRICE ₹185 |
| FRESCA JUICE | 1Ltr. | BUY 1 GET 3 FREE |
| FORTUNE KACHI GHANI | 1LTR, MRP ₹200 | OUR PRICE ₹159 |
| MADHUSUDAN DESI GHEE | 1 Ltr. | OUR PRICE ₹549 |
| PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG | MRP ₹1785 | OUR PRICE ₹1428 |
| AASHIRVAAD ATTA | 10 KG, MRP ₹485 | OUR PRICE ₹435 |
| TATA TEA PREMIUM | 1KG, MRP ₹540 | OUR PRICE ₹379 |
| SURF EXCEL EASY WASH | 7KG, MRP ₹1030 | OUR PRICE ₹699 |
| BABY HUG DIAPERS ADVANCED 72N | | BUY 1 GET 1 FREE |
| k'triq | HAND WASH, DETERGENT, FLOOR CLEANER, DISHWASH, SELECTED VARIANTS | BUY 1 GET 1 FREE |
| SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS | | UPTO 10% OFF ON MRP |
| KHADI SOAP | 100% HANDMADE SOAP | BUY 1 GET 1 FREE |
| ARIEL COMPLETE DETERGENT | 4KG | BUY 1 GET 1 FREE |
| TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE | 9KG, MRP ₹999 | OUR PRICE ₹799 |
| ARIEL MATIC FRONT LOAD | 4+2KG+1L, MRP ₹1549 | ₹250 OFF |
| ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID | 3LTR | 33%OFF |

UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!

| Brand | Discount |
|---|---|
| Dollar | 30% |
| JOCKEY | 20% |
| BODYCARE | 20% |
| DIXCY SCOTT | 30% |
| LUX COZI | 30% |
| VAN HEUSEN | 20% |
| MACROMAN | 30% |
| U.S. POLO ASSN. | 20% |
| MACHO UNDERWEAR | 30% |

**Rohtak** Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480

**Bahadurgarh** Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899

**Jhajjar** Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531

**Sampla** Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800

**Gohana** Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626

**Dighal** Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.